नियमों का उल्लंघन आबकारी विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

शाम ढलते ही सज जाते हैं अवैध अहाते

नवभारत, जबलपुर। शहर में आबकारी नियमों की हकीकत अब सड़कों पर साफ दिखाई देने लगी है। हालात ऐसे हैं कि देर रात एक कप चाय तलाशने वाला आम आदमी भटकता रह जाता है, लेकिन शराब का प्याला उसे हर गली-मोहल्ले में आसानी से मिल जाता है। सवाल यह है कि आखिर यह सब किसकी शह पर चल रहा है?

शहर के कई इलाकों में अवैध अहातों का नेटवर्क खुलेआम संचालित हो रहा है। घमापुर चौक, बलदेवबाग, दमोह नाका बस स्टैंड, विजयनगर, नौदरा ब्रिज, मदन महल, अधारताल और रद्दी चौकी जैसे क्षेत्रों में देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। इन जगहों पर न नियमों का डर दिखाई देता है और न ही कार्रवाई का भय। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग की टीम इन ठिकानों तक पहुंचने से भी कतराती है।

नियम कागजों में, सड़कों पर खुला उल्लंघन

आबकारी विभाग बैठकों में भले ही समय पर दुकानें बंद कराने और अवैध बिक्री रोकने के बड़े-बड़े दावे करता हो, लेकिन जमीनी स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। शराब दुकानों के बाहर रात होते ही भीड़ लग जाती है। कई दुकानों पर पिछले दरवाजे से देर रात तक शराब बेची जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

ग्राहकों से खुली वसूली रोज़ हो रही कार्यवाही

शराब दुकानों पर उपभोक्ताओं से खुलेआम अधिक कीमत वसूली जा रही है। प्रिंट रेट से 20 से 50 रुपए तक अतिरिक्त रकम ली जा रही है। खासकर रात 11 बजे के बाद शराब की कीमतें अचानक बढ़ जाती हैं। जिसपर आबकारी अधिकारी ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया की प्रतिदिन शराब की बोतलों पर अतिरिक्त शुल्क वसूलने वालो पर कार्यवाही की जा रही है। एक दिन में लगभग 40 से 45 ओवर प्राइसिंग के मामले सामने आ रहे है। अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सीमा से अधिक समय तक खुली रहने वाली दुकानों पर भी रोज़ाना कार्यवाही की जा रही है। बता दे कि नियमों के मुताबिक दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना और बिल देना अनिवार्य है, लेकिन अधिकांश दुकानों में इन नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई देती हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर विभागीय निगरानी के बावजूद यह खेल कैसे चल रहा है? क्या कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है?

दुकानों की आड़ में ओपन बार

शहर में कई अंडा और नॉनवेज ठेले अब खुलेआम बार में तब्दील हो चुके हैं। यहां शराब परोसना और बैठाकर पिलाना आम बात हो गई है। मालवीय चौक, धामपुर चौराहा, बलदेवबाग, मुख्य अधारताल और दमोहनाका जैसे इलाकों में यह नजारा रोज देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन ठिकानों की जानकारी आबकारी विभाग को होने के बावजूद कभी ठोस कार्रवाई नहीं होती। शराब दुकानों और अवैध अहातों के बाहर वाहनों की भीड़ से ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या लगातार बढ़ रही है। देर रात हंगामा, गाली-गलौज और मारपीट जैसी घटनाओं से रिहायशी इलाकों का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती नजर आ रही है। अब देखना यह होगा कि आबकारी विभाग इन सवालों का जवाब कार्रवाई से देता है या फिर अवैध कारोबार यूं ही मेहरबानी के साये में चलता रहेगा।

यात्रियों को बेहोश कर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। यात्रा के दौरान सहयात्रियों से दोस्ती गांठकर उन्हें चने में नशीला पदार्थ मिलाकर जहरखुरानी करने वाले एक आरोपी को शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने पुणे से गिरफ्तार किया है आरोपी ने शक्तिपुंज एक्सप्रेस सहित कई गाडियों में इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था। जीआरपी जबलपुर की थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि माह सितम्बर 2025 में जितेन्द्र साहू निवासी राजपुर जिला दमोह ने शिकायत की थी कि वे अपने परिवार जनों के साथ अपने रिश्तेदारी में नगर उटारी जा रहा था रेलवे स्टेशन जबलपुर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेल-जोल बनाकर यात्रा के दौरान फरियादी एवं उसके जीजा रामप्रसाद को चने के साथ नशीली दवा मिलाकर खिला दिया, जिस पर वे व उसका जीजा बेहोश हो गये तत्पश्चात आरोपी की पतासाजी कर तलाश के दौरान मिर्जापुर जेल में निरूद्ध आरोपी अजय कुमार गुप्ता व राजेश पूर्व में न्यायालय के आदेश से तलब किया जाकर पूछताछ की गई। जो उक्त दोनों आरोपियों द्वारा अपने सरगना शिवदेव सिंह उर्फ दीपक उर्फ केसारी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना बताया गया।

एकपक्षीय कार्रवाई के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। एनएसयूआई द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में एकपक्षीय कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई छात्रनेता अनुराग शुक्ला एवं छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच किए बिना केवल एक पक्ष के छात्रों पर कार्रवाई की गई, जो न्यायसंगत नहीं है। संगठन ने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की घटना हुई है तो उसकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होनी चाहिए तथा दोनों पक्षों की बात सुनकर ही उचित निर्णय लिया जाना चाहिए।

धरना प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई पदाधिकारियों प्रदेश सचिव प्रतीक गौतम,एजाज अंसारी ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि एकपक्षीय कार्रवाई तत्काल वापस ली जाए एवं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच समिति गठित कर जांच कराई जाए।एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों को न्याय नहीं मिला तो संगठन आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आवास योजना से वंचित ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

जबलपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जिले की ग्राम पंचायत समनपुर अंतर्गत ग्राम गुबरा खुर्द के ग्रामीणों ने योजना के आवंटन में भेदभाव और पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए हैं।

अपनी समस्याओं को लेकर ग्रामीण जिला कांग्रेस किसान कमेटी के पदाधिकारी परमलाल अहिरवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले करीब दस वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की आस लगाए हुए हैं। कई परिवारों के नाम पात्रता सूची में शामिल होने के बावजूद अब तक उन्हें आवास स्वीकृत नहीं किया गया। आरोप है कि गांव के

प्रभावशाली लोगों को प्राथमिकता देकर योजना का लाभ पहुंचाया गया, जबकि वास्तविक जरूरतमंद आदिवासी और बर्मन समुदाय के परिवार आज भी जर्जर और कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय सरपंच और सचिव से कई बार शिकायत करने के बाद भी केवल आश्वासन ही मिले। दूसरी ओर आसपास के गांवों में कई लोगों के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं, जिससे पीड़ित परिवारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वास्तविक पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ दिया जाए। उनका कहना है कि गरीबी और आर्थिक तंगी के बीच कच्चे मकानों में जीवन गुजारना मजबूरी बन चुका है। कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के बाद ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और पात्र हितग्राहियों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

युवक व अधेड़ ने लगाई फांसी

जबलपुर । गोहलपुर में अधेड़ तो गोसलपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है । पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है । गोसलपुर पुलिस ने बताया कि संजय कुमार बर्मन निवासी खिन्नी मोहल्ला गोसलपुर ने सूचना दी कि वह 2 भाई है। उससे छोटा भाई सुनील बर्मन 33 वर्ष का शाम 5 बजे अपने कमरे मे अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी लगा लिया है। जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में भाई सुनील बर्मन की मौत हो गई । इसी प्रकार गोरखपुर थाने में संगीता वंशकार 46 वर्ष निवासी महर्षि स्कूल के पीछे ने सूचना दी कि उसके पति कैलाश वंशकार 52 वर्ष ने घर की बल्ली मे साडी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सड़क दुर्घटनाओं से लेकर जान गंवाने वालों की संख्या में आई कमी

पिछले साल 1285 हादसे, 267 मौतें, 2026 में घटकर 1260 हुए, 207 जान गई

जबलपुर। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियानों, यातायात नियमों के प्रति व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों और प्रभावी वैधानिक कार्यवाहियों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार की जा रही चैकिंग और ब्लैक स्पॉट के सुधार के कारण सड़क दुर्घटनाओं, उनमें होने वाली मृत्यु और घायलों की संख्या में कमी आयी है। विगत वर्ष के प्रथम 4 माह के तुलनात्मक आकड़े, इस बात की पुष्टि करते है कि जिले में वर्ष वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में दुर्घटनाओं के ग्राफ में निरंतर सुधार है। वर्ष 2025 में कुल 1285 सडक दुर्घटनाएं दर्ज हुई थी, जो वर्ष 2026 में घटकर 1260 हो गई है। वर्ष 2025 में मृतक संख्या 267 थी, जो वर्ष 2026 में घटकर 207 अर्थात 21.47 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2025 में घायलों की संख्या 1630 थी, जो वर्ष 2026 में घटकर 1392 हो गयी है, अर्थात 14.60 प्रतिशत की कमी आयी है।

24 ब्लैक स्पॉट में घटना नहीं, 17 में 7 मौत

जिले में 41 ब्लैक स्पॉट चिंहित है , पिछले 4 माह में 24 ब्लैक स्पॉट पर कोई घटना घटित नहीं हुई है, जो इन पर किये सुधार कार्यो के परिणाम है। 17 ब्लैक स्पॉट पर 34 घटनाएं हुई है, जिसमें 7 व्यक्तियों की मौत और 11 घायल हुये है। विदित हो कि संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर सुधार कार्यो के लिए निर्देशित किया गया एवं अल्पकालीन एवं दीर्घ कालीन सुधार कार्यो की मौके पर ही समीक्षा की गई। जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठके की जा रही है।

यातायात नियम तोड़ने वाले 41379 के कटे चालान

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में कार्यवाही करते हुये 41379 चालान बनाये जाकर समन शुल्क 18009100 रूपए अधिरोपित किया गया। इसके अलावा लोक परिवहन बसों की सघन चेकिंग की जा रही है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा उपकरण, वैद्य परमिट, फिटनेस एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि वे सुरक्षा की दृष्टि से खरी उतरें। इस अभियान के तहत अब तक लगभग 200 बसों को चेक किया जा चुका है, जिसमें से कमियां पाए जाने पर 40 बसों के विरुद्ध सख्त वैधानिक एवं चलानी कार्यवाही की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 555 चालकों पर कड़ा एक्शन लेकर उन्हें न्यायालयीन और शमन कार्यवाही के दायरे में लाया गया।

202 जागरूक कार्यक्रम 372 के लायसेंस निलंबित

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कुल 202 कार्यक्रमों में 32000 से अधिक व्यक्ति लाभांवित हुये । इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वाले एवं लापरवाह वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन की कार्यवाही को और भी प्रभावी बनाया गया और इस वर्ष अभी 372 वाहन चालकों के लायसेंस निलंबित कराये गये।

एक नजर में

बिना फिटनेस, बीमा व परमिट के दौड़ रही थी यात्री बस

जबलपुर। बिना फिटनेस बीमा परमिट के यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर दौड़ रही बस को मेडीकल कॉलेज गेट के सामने तिलवारा रोड पर गढ़ा पुलिस ने जब्त कर लिया । इसके साथ ही अन्य यात्री बसों पर भी कार्यवाही की गई। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि मेडीकल कॉलेज गेट के सामने तिलवारा रोड पर मंगलवार को वाहन चौकिंग कार्यवाही की गई जिसमें बस एमपी 20 पीए 0355 को बिना बीमा और परमिट के चलता पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत जब्त कर थाना गढा में लाकर खड़ा किया गया है यह बस जबलपुर से बरगी के बीच संचालित हो रही थी एवं अन्य बसों पर भी अग्निशमन यंत्र न होने और इमरजेंसी गेट के पास अनावश्यक छेड़छाड़ पाए जाने पर मोटर व्हीकल की धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से अवैध बसों और वाहनों से यात्रियों का परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

कर्मचारियों के हित में अनुकंपा नियुक्ति में बढ़ाए गए पद

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अनुकंपा नियुक्ति नीति में संशोधन किया गया है। कंपनी ने दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अनुकंपा नियुक्ति हेतु स्वीकृत पदों की संख्या एवं श्रेणियों का विस्तार किया है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2018 की 'अनुकंपा नियुक्ति नीति' में संशोधन करते हुए नई संगठनात्मक संरचना के अंतर्गत विभिन्न तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों को शामिल किया गया है। इस निर्णय से दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे तथा उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त होगा। संशोधित व्यवस्था के अंतर्गत तृतीय श्रेणी में परीक्षण सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-3 एवं कनिष्ठ शीघ्रलेखक तथा चतुर्थ श्रेणी में लाइन परिचालक एवं सिविल परिचारक जैसे पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान किया गया है। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय कर्मचारी हितों एवं मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे कठिन परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता मिल सके।

जनरल स्टोर्स से नगदी समेत माल पार

जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत गणेश मंदिर के सामने स्थित एक जनरल स्टोर्स को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर दुकान के पीछे के दरवाजे की चटकनी खोलकर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नगदी सहित हजारों रुपये के कॉस्मेटिक और आर्टिफिशियल गहने समेटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, अवधपुरी कॉलोनी निवासी अशोक कुमार होतवानी (65) की गणेश मंदिर के सामने मनोज जनरल स्टोर्स के नाम से दुकान है। बीती रात करीब 10 बजे अशोक कुमार अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब 9 बजे जब वे दुकान खोलने पहुंचे, तो पीछे का दरवाजा खुला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने दुकान से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स और कृत्रिम गहनों पर हाथ साफ किया। चोर फेशियल किट, पोंड्स पाउडर, फेयर एंड लवली, पोंड्स क्रीम, जॉय क्रीम, हार सेट, पायल, कंगन और मंगलसूत्र, गल्ले में रखे 20,000 नगद चुराकर ले गए। पीड़ित के अनुसार, करीब 12,000 का सामान और 20,000 नगद मिलाकर कुल 32,000 की चोरी हुई है।

मध्य प्रदेश में 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा अब 16 जून से होगी शुरू

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा की तारीखों में बड़ा बदलाव किया है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी संशोधित समय-सारणी के अनुसार, सत्र 2025-26 की यह परीक्षा अब 16 जून से 23 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। इसके तुरंत बाद, 24 जून से 28 जून 2026 तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा किया जाएगा। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों बच्चों और शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है।

कर्मचारी संघ की मांग और गर्मी बनी वजह

यह फैसला मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा की मांग के बाद सामने आया है। संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे के मार्गदर्शन में विगत दिनों आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को एक मांग पत्र प्रेषित किया गया था, जिसमें छात्रों की समस्याओं के निराकरण और भीषण गर्मी के कारण परीक्षा आगे बढ़ाने का निवेदन किया गया था। संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अनिल भार्गव और जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने प्रशासन को अवगत कराया था कि छात्रों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून तक है। संघ की इस तार्किक मांग को स्वीकार करते हुए विभाग ने परीक्षा कार्यक्रम में यह संशोधन किया है।

संशोधित तिथियों के अनुसार परीक्षा और मूल्यांकन कार्य कराने के आदेश जारी होने पर कर्मचारी संघ ने खुशी जाहिर की है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, विवेक, राजा राम डेहरिया, अर्जुन सोमवंशी, बीरेंद्र तिवारी और राजू मस्के ने इस निर्णय को बेहद व्यावहारिक और प्रशंसनीय बताया है।

दो शातिर चोर गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेलवे यार्ड में आरपीएफ की गश्त के दौरान दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 25 मई को अपराध रोकथाम की डियूटी मे तैनात योगेन्द्र सिंह व अरविंद सिंह, जितेन्द्र तिवारी, हरिकेश दुबे एवं सूर्यनाथ यादव ने रेलवे यार्ड से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार पूछतांछ करने पर उन्होंने अपना नाम मौहम्मद इमरान कुरैशी पिता मौहम्मद जिलानी उम्र 19 साल निवासी कसाई मंडी कब्रिस्तान गेट नं. 03 थाना हनुमानताल और इमरान खान पिता पप्पू खान उमर 26 साल निवासी टेडी नीम बाबा टोला थाना हनुमानताल का होना बताया। दोनों युवको ने रेलवे यार्ड में लोको शैड से रेलवे की लोहे की छीलन को चोरी करना स्वीकार किया। जिसे उन्होंने बड़ी मदार टेकरी, सिन्धी केम्प गुडडू कबाड़ी की दुकान एवं पर बेचना क़बूल किया है।

संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च

जबलपुर। ईद-उल-जुहा पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ओमती, कोतवाली गोहलपुर, अधारताल संभाग के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सम्पत उपाध्याय कहा कि निकाले गये फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें, ईद पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है। असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना ओमती, बेलबाग, सिविल लाईन, कोतवाली, लार्डगंज, मदनमहल, गोहलपुर, अधारताल, हनुमानताल, घमापुर के बल के

साथ एक फ्लैग मार्च थाना ओमती, कोतवाली, गोहलपुर, अधारताल, हनुमानताल, बेलबाग, के संवेदनशील क्षेत्र में निकाला गया। फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती सोनू कुर्मी , नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव, थाना प्रभारी ओमती राजपाल सिंह बघेल, थाना प्रभारी बेलबाग जितेन्द्र पाटकर, थाना प्रभारी सिविल लाईन कन्हैया बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली मानस द्विवेदी, थाना प्रभारी लार्डगंज नवल आर्य, थाना प्रभारी मदनमहल धीरज राज, थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी हनुमानताल सुभाषचंद बघेल, थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमरे, थाना प्रभारी घमापुर उप निरीक्षक दिनेश गौतम, थाने के बल के साथ मौजूद रहे ।

मांग विहिप ने उठाई मांग

गौवंश तस्करी पर लगाया जाए अंकुश

नवभारत,जबलपुर। बकरीद से पूर्व गोवंश तस्करी एवं गोहत्या पर पूर्ण अंकुश लगाने की मांग विहिप ने की है। गोरक्षा विभाग ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ये मांग उठाई है। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद - गोरक्षा विभाग, जबलपुर विभाग द्वारा घंटाघर चौक पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र आहके को ज्ञापन सौंपा गया।

यह प्रदर्शन आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर देशभर में बढ़ रही गोवंश तस्करी एवं गोहत्या की घटनाओं के विरोध में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जबलपुर विभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों संगठनात्मक जिलों — रानी दुर्गावती जिला, माँ नर्मदा जिला एवं आयुध जिला — के पदाधिकारी, गोरक्षक, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विहिप गोरक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने कहा कि गोवंश भारतीय संस्कृति, सात्विक ऊर्जा, आर्थिक समृद्धि एवं आरोग्य का महत्वपूर्ण आधार है। देश के अनेक राज्यों में कठोर कानून होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन की लापरवाही एवं निष्क्रियता के कारण गोवंश तस्कर एवं हत्यारे खुलेआम सक्रिय हैं। ऐसी स्थिति में गोरक्षकों को अपने प्राणों की परवाह किए बिना सड़कों पर उतरकर गोवंश की रक्षा करनी पड़ रही है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है।

जंगल में शराब की खेप बरामद, तस्कर को दबोचा

जबलपुर। चरगवां पुलिस ने हीरापुर के जंगल में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो चौकसे ने बताया कि हीरापुर के जंगलों में अवैध शराब बेचने की फिराक में घूम रहे बटन परस्ते निवासी ग्राम इमझर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने जब उसके पास रखे चारों कुप्पों की जांच की, तो उनमें कुल 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब भरी हुई मिली। पुलिस ने आरोपी बटन परस्ते के खिलाफ आबकारी के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मंडला का सराफा व्यापारी बताकर थमाया नकली सोना

शहर का कारोबारी ठगी का शिकार, प्रकरण दर्ज

जबलपुर। जालसाज ने स्वयं को मंडला का सराफा व्यापारी बताकर शहर के सराफा कारोबारी को झांसे में लेकर नकली सोना थमा धोखाधड़ी कर दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक असलम खान 42 वर्ष निवासी धुबियाना मोहल्ला गोहलपुर की सराफा बजार में सुनरहाई में होटल ज्ञान का दीप में उसकी एस के चैन नाम से सोने के आभषूण बनाने एवं बेचने की दुकान है। उसके मोबाइल नम्बर से महेन्द्र सोनी निवासी मण्डला का फोन आया जिसने स्वयं को सोने का व्यापारी बताया और उसे सोने की 6 चैन खरीदने के लिये बोला, चैन खरीदने के लिये 105.620 ग्राम फाईन सोने देने के लिये कहा, महेन्द्र सोनी ने उसे मोबाइल पर व्हाटसएप पर सोने की वीडियो बनाकर भेजा और बताया कि अगले दिन एक लड़के को फाईन सोना लेकर भेजेगा, जिसे सोने की 6 चैन दे देना। इसके बाद महेन्द्र सोनी के फोन आते रहे जो बताया कि लड़के को भेजा है जिसे सोने की 6 चैन देनी है लड़के के मोबाइल नम्बर दिया, गोलबजार के पास उसने सोने की 6 चैन वजनी 106.470 ग्राम की दुकान के लड़के अनिकेत पाटिल ने उक्त लड़के से बात करके करके सोने के फाईन गोल्ड के 4 टुकड़े लेकर जिसके बदले 6 सोने की चैन दे दी थी। उसने फाईन गोल्ड का तौला तो 105.620 ग्राम के स्थान पर 77.130 ग्राम निकला। शक होने पर उसने महेन्द्र सोनी द्वारा भिजवाये फाईन सोने की टंच करवाने पर नकली निकला।